सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 82 / सो.आ.नि.–227/II/2015
दिनाँकः 05 मई, 2015

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः सोशल आडिट टीम के सदस्यों के बकाया मानदेय आवंटन हेतु मांग–पत्र का प्रेषण।

महोदय,

आपसे प्राप्त मांग–पत्रों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में सम्पन्न सोशल आडिट टीमों के सापेक्ष सोशल आडिट टीम के सदस्यों के मानदेय के भुगतान हेतु आपको आवश्यक धनराशियां यथासमय उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। किन्तु इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त वर्षों में सोशल आडिट करने वाली टीम के सदस्यों के मानदेय का भुगतान अब भी लम्बित है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया यदि आपके जनपद में सोशल आडिट टीम के किसी सदस्य के मानदेय का भुगतान धनाभाव के कारण लम्बित है तो संलग्न प्रारूप पर सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सूचना प्रेषित करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि जिन टीम मेम्बर्स को पहले ही भुगतान किया जा चुका हो उन्हें दुबारा समान कार्य के लिए भुगतान न हो।

कृपया अपना मांग पत्र 14 मई, 2015 तक अवश्य भेज दें अन्यथा यह माना जाएगा कि आपके जनपद में सोशल आडिट टीम के सदस्यों के वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 के लिए मानदेय के रूप में कोई बकाया लम्बित नहीं है।

भवदीय,

05/05/15

(राजवर्धन)
निदेशक

प्रतिलिपिः–

समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

05/05/15

(राजवर्धन)
निदेशक

Rks/Gen.letter/Desktop

सोशल आडिट टीम के सदस्यों के बकाया मानदेय आवंटन हेतु मांग–पत्र

क्रम सं0	वित्तीय वर्ष	विकास खण्ड का नाम	वित्तीय वर्ष में सम्पन्न कुल सोशल आडिट की संख्या	ग्राम पंचायतों के सोशल आडिट में योगदान करने वाले सदस्यों की कुल संख्या*	कालम–5 के सापेक्ष टीम के सदस्यों को अनुमन्य मानदेय की धनराशि	निदेशालय से अद्यतन आवंटित की गई धनराशि	धनराशि आवंटन हेतु मांगी जाने वाली धनराशि (6–7)	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9

* यदि किसी टीम मेम्बर द्वारा एक से अधिक सोशल आडिट में योगदान किया गया हो तो जिस संख्या में सोशल आडिट किया गया हो उसकी गणना दर्शायी जाए।